कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)
क.रा.बी.नि.
ESIC
सत्यमेव जयते
पंचदीप भवन, जे.एल. नेहरू मार्ग, पटना – 800001
PANCHDEEP BHAWAN, J.L NEHRU MARG, PATNA –800001
फोन : 0612–2533404 ईमेल : rd-bihar@esic.nic.in
वेबसाइट : www.esic.nic.in / www.esic.in

# प्रेस विज्ञप्ति

## ई. एस. आई. सी. में सुविधा समागम का आयोजन

पटना, दिनांक: 17.07.2023

आज दिनांक 17.07.2023 को अपराह्न 3.00 बजे ई. एस. आई. सी. के क्षेत्रीय कार्यालय, पटना में क्षेत्रीय निदेशक श्री संजय कुमार की अध्यक्षता में सुविधा समागम का आयोजन किया गया।

बैठक में बिहार क्षेत्र के बीमाकृत व्यक्तियों को प्रदान किए जा रहे चिकित्सा हितलाभ से सम्बंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गयी। इस अवसर पर बीमाकृत व्यक्तियों एवं उनके परिजनों से विभिन्न समस्याओं, विशेषकर चिकित्सा प्रतिपूर्ति से सम्बंधित मामलों, के विषय में जानकारी ली गयी एवं मौके पर ही इसके निराकरण हेतु समुचित निर्णय लिए गए। साथ ही, उपस्थित बीमाकृत व्यक्तियों को यह आश्वासन भी दिया गया कि उनकी सुविधाओं में उत्तरोत्तर सुधार हेतु ई.एस.आई.सी. द्वारा सतत प्रयास किए जा रहे हैं।

इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक प्रतिनिधि फुलवारीशरीफ डॉ शंकर प्रसाद, राज्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजय केशरी, चिकित्सा निर्देशी डॉ तनूजा कुमारी सहित सहायक निदेशक श्री अनिल कुमार भी उपस्थित थे।

क्षेत्रीय निदेशक